# गंदगी व अतिक्रमण करने पर 8 व्यक्तियों पर जुर्माना

**रतलाम।** नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरो से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डालते हुए यहां-वहां डालकर नगर को गंदा करते है ऐसे दुकानदार एवं नागरिकों को लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर घर व दुकानों पर जाकर गठित दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। नगर के ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर नगर को गंदा कर रहे है ऐसे व्यक्तियों पर लगाम लगाने हेतु नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सख्त निगरानी रखी जा रही है इस हेतु पुलिस कन्ट्रोल रूम पर 3 पारियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नेशनल टायर महू नीमच रोड पर 500, मालवा टायर, अब्दुल महू रोड पर 300-300, जैन मशीनरी गीता मंदिर रोड पर 250, जितेन्द्र प्रजापत, संदीप माली, पेरामाउन्ट मशीनरी गीता मंदिर रोड व रशीद खान कानवेंट स्कूल तिराहा पर 100-100 रुपये का स्पॉट फाईन पीओएस मशीन के माध्यम से ऑन लाईन किया गया।

जुर्माने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान व पर्वत हाड़े, उप स्वच्छता निरीक्षक विनय चौहान आदि के द्वारा की गई। गंदगी व मलबा फैलाने, अतिक्रमण करने पर संबंधितों के विरूद्ध जुर्माना किये जाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा। इन्दौर

# मुख्यमंत्री चौहान द्वारा अनुग्रह सहायता राशि का वितरण



रतलाम (आरएनएन)। मुख्यमंत्री चौहान द्वारा संबल योजना के अन्तर्गत अनुग्रह सहायता राशि वितरण कार्यक्रम के सीधे प्रसारण को हितग्राही व निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों ने नगर निगम सभागृह में एलईडी वॉल स्क्रीन के माध्यम से देखा व सुना। आयोजित कार्यक्रम में उपायुक्त विकास सोलंकी, लेखापाल जगदीश पांचाल के अलावा श्याम सुन्दर सोनी, दिनेश राठौड़, अंजनीप्रसाद मिश्रा, प्रदीप उपाध्याय सहित हितग्राही उपस्थित थे।

# संबल योजना की मदद से कमलाबाई बेटी की शादी की चिंता से मुक्त हुई

**रतलाम ● स्वदेश समाचार**

मुख्यमंत्री जन कल्याण योजना संबल के अंतर्गत मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा मंगलवार को प्रदेश के साथ-साथ रतलाम जिले के भी हितग्राही परिवारों को खुशियों भरी सौगात दी गई, जब उनके बैंक खातों में संबल योजना की राशि मुख्यमंत्री के हाथों अंतरित हुई। लाभान्वितों में ग्राम करौंदी की विधवा महिला कमलाबाई भी शामिल है। परेशानियों में जीवन जी रही कमलाबाई के जीवन में संबल योजना से खुशी आई जब उसके बैंक खाते में भी मुख्यमंत्री द्वारा 2 लाख रुपए की राशि अंतरित की गई।

कमलाबाई के पति सुखराम डामर की विगत वर्ष बीमारी के कारण मृत्यु हो गई। परिवार में 5 बच्चे हैं जिसमें सबसे बड़ी लड़की और बाकी चार लड़के हैं। पति की मृत्यु से परिवार आर्थिक संकटों से घिर गया, परिवार के मुखिया होने के साथ-साथ सुखराम कमाई करने वाला भी एकमात्र सदस्य था जिसकी मृत्यु के कारण परिवार में आर्थिक विपदा आई। कमलाबाई मजदूरी करके जीवन-यापन करती है। ऐसे में परिवार का गुजर-बसर बड़ी मुश्किल से हो रहा है। आगे चलकर अब लड़की की शादी की चिंता भी खाए जा रही थी, ऐसे में संबल योजना ने कमलाबाई को बहुत बड़ा सहारा दिया है जब उसके खाते में मुख्यमंत्री द्वारा जनकल्याण संबल योजना से 2 लाख रुपए की अनुग्रह सहायता राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से 19 जनवरी को अंतरित की गई। कमलाबाई के चेहरे पर अब सुकून दिख रहा है वह कहती है कि मुख्यमंत्री द्वारा प्रदान की गई राशि से बेटी के विवाह की चिंता दूर हो गई है। अब बगैर किसी फिक्र के उसका विवाह कर सकूंगी। परिवार के अन्य खर्च में भी संबल योजना की राशि काम आ जाएगी। इस मदद के लिए कमलाबाई मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान को धन्यवाद दे रही है।

स्वदेश 21/01/2021

## संबल योजना में जिले के 362 हितग्राहियों के खातों में 8 करोड़ रुपए ट्रांसफर

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जन कल्याण संबल योजना में मंगलवार को जिले के 362 हितग्राहियों के बैंक खातों में 8.4 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए गए। वर्चुअल कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राशि जारी की। इसमें 322 को 2 लाख, 40 को 4 लाख रुपए दिए गए।

हितग्राहियों में रतलाम के 78, जावरा के 93, पिपलौदा के 24, सैलाना के 38, आलोट के 34, बाजना के 40 शामिल है। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में हुए कार्यक्रम में रतलाम ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना, परमेश मईडा, संगीता मुकेश मालवी, जुझारसिंह लुनेरा ने पत्रक प्रदान किए। कलेक्टर गोपालचंद्र डाड, सीईओ जिला पंचायत संदीप केरकेट्टा, परियोजना अधिकारी जिला पंचायत श्री महेश चौबे सहित अन्य उपस्थित रहे।

दैनिक भास्कर 21/01/2021

सामान्य प्रशासन विभाग के कार्यों की हुई समीक्षा

# पदोन्नति में अब देरी न हो, सीएम बोले– सर्वसम्मत हल निकालें

भोपाल (नईदुनिया स्टेट ब्यूरो)। प्रदेश में अधिकारियों और कर्मचारियों की पदोन्नति को लेकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सामान्य प्रशासन विभाग के अधिकारियों से कहा कि मामले में सर्व सहमति से हल निकालें। अब इसमें देरी नहीं होना चाहिए। चौहान बुधवार को मंत्रालय में विभाग के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। दो दिन पहले ही सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए सभी राज्यों से कोर्ट में लंबित अपने कानूनी मुद्दों का लिखित नोट मांगा है। शिवराज सरकार कर्मचारियों की नाराजगी को पहले ही भांप गई थी और पिछले महीने ही पदोन्नति का विकल्प तलाशने के लिए प्रशासन अकादमी के महानिदेशक एपी श्रीवास्तव की अध्यक्षता में समिति गठित कर दी थी। समिति ने अपनी रिपोर्ट में पात्रता रखने वाले कर्मचारियों को वरिष्ठ पदनाम देने की सलाह दी है। बता दें, पिछले पांच साल से पदोन्नति पर रोक लगी हुई है।

जबलपुर हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ अपील में सुप्रीम कोर्ट गई राज्य सरकार इस मामले में घिरती जा रही है। पौने पांच साल से पदोन्नति पर रोक होने के कारण दोनों वर्ग (सामान्य एवं अनुसूचित जाति-जनजाति) के कर्मचारी सरकार पर पदोन्नति शुरू करने का दबाव बना रहे हैं। विधानसभा चुनाव 2018 के पहले से कर्मचारी ज्ञापन सौंप रहे हैं और मुख्यमंत्री-मंत्रियों से मिलकर इसका हल निकालने की गुहार लगा रहे हैं। बैठक में मुख्यमंत्री ने साफ कहा कि अब इस मामले में और देरी नहीं होनी चाहिए। ज्ञात हो कि 30 अप्रैल 2016 को जबलपुर हाईकोर्ट ने 'मप्र लोक सेवा (पदोन्नति) अधिनियम 2002' खारिज किया है। इस फैसले के खिलाफ राज्य सरकार मई 2016 में सुप्रीम कोर्ट चली गई। कोर्ट ने यथास्थिति के निर्देश दिए हैं।

**यथास्थिति के निर्देश बरकरार:** सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एसए बोबड़े की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने दो दिन पहले पदोन्नति में आरक्षण मामले की सुनवाई करते हुए यथास्थिति के निर्देशों को यथावत रखा है। कोर्ट ने सभी राज्यों से कहा कि वे दो हफ्ते में कोर्ट में लंबित अपने कानूनी मुद्दों का लिखित ब्योरा अटार्नी जनरल को दें। इनके आधार पर अटार्नी जनरल मसौदा तैयार करके चार हफ्ते में कोर्ट के सामने रखेंगे और छह हफ्ते बाद कोर्ट मामले की सुनवाई करेगा।

**68 हजार से ज्यादा कर्मचारी सेवानिवृत्त**

हाईकोर्ट का फैसला आने के बाद से अब तक प्रदेश में 68 हजार से ज्यादा अधिकारी–कर्मचारी सेवानिवृत्त हो चुके हैं। इनमें से करीब 29 हजार कर्मचारी पदोन्नति की आस में ही सेवानिवृत्त हो गए। इनकी अप्रैल 2016 के बाद पदोन्नति होना थी।

## बजट में शामिल होंगे आत्मनिर्भर मप्र के काम

भोपाल। विधानसभा के बजट सत्र में मार्च में प्रस्तुत होने वाले वर्ष 2021–22 के बजट में सरकार आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश के कामों को शामिल करेगी। इसके लिए वित्त विभाग ने सभी विभागों से रिपोर्ट मांगी है। वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा के बजट भाषण में लोकल से वोकल के लिए विभागों की योजनाओं का भी उल्लेख किया जाएगा। लगातार सुधर रही वित्तीय स्थिति को देखते हुए बजट सवा दो लाख करोड़ रुपये के आसपास भी हो सकता है। सूत्रों के मुताबिक बजट में सरकार का जोर आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश के तहत विभागों द्वारा तैयार कार्यक्रम और योजनाओं पर होगा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सभी मंत्रियों से कहा है कि वे अपने–अपने विभागों में एक नया कार्यक्रम या योजना शुरू करें। इसे बजट में शामिल किया जाए। खजाने पर अतिरिक्त भार न आए, इसके लिए सभी विभाग मितव्ययिता अपनाएं। अनावश्यक योजनाओं को बंद करें। ऐसी योजनाएं, जो लंबे समय से चल रही हैं और उनका कोई औचित्य नहीं रह गया है या फिर उससे मिलती–जुलती योजना दूसरे विभाग चला रहे हैं, उन्हें बंद करें या आपस में मिलाकर एक कर लें। लोकल से वोकल पर जोर दिया जाए। आत्मनिर्भर मप्र के रोडमैप पर बजट की रणनीति तैयार करें। इसलिए वित्त विभाग ने पूरा ब्योरा मांगा है। - ब्यूरो




# मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा जनकल्याण संबल योजना के तहत रतलाम जिले के 362 हितग्राहियों के खातों में 8 करोड़ रुपए से अधिक राशि अंतरित की गई

रतलाम । मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना के अंतर्गत मंगलवार को प्रदेश के हितग्राहियों के बैंक खातों में करोड़ों रुपए की राशि अंतरित की गई। इस दौरान रतलाम जिले के 362 हितग्राहियों के बैंक खातों में भी 8 करोड़ 4 लाख रुपए राशि अंतरित हुई। इस दौरान रतलाम कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में हितग्राहियों को राशि के स्वीकृति पत्र विधायक रतलाम ग्रामीण श्री दिलीप मकवाना, जिला पंचायत प्रधान श्री परमेश मईडा, जनपद अध्यक्ष श्रीमती संगीता मुकेश मालवी, जनपद उपाध्यक्ष श्री जुझारसिंह लुनेरा द्वारा प्रदान किए गए। कलेक्टर श्री गोपालचंद्र डाड, सीईओ जिला पंचायत श्री संदीप केरकेट्टा, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती शिशबाला सिंह, परियोजना अधिकारी जिला पंचायत श्री महेश चौबे तथा हितग्राही उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा जिले के 322 हितग्राहियों के खातों में 2-2 लाख रुपये तथा 40 हितग्राहियों के बैंक खातों में 4-4 लाख रुपए राशि वितरित की गई। योजना के तहत जनपद पंचायत रतलाम के 78, जावरा के 93, पिपलौदा के 24, सैलाना के 38, आलोट के 34, बाजना के 40 हितग्राही लाभान्वित किए गए।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–नईदुनीया–पृष्ठ 08 दिनांक 21/01/2021

## 126 वॉल्व व 619 पाइप लीकेज ठीक कराए

रतलाम। शहर की जलप्रदाय व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए पाइप लाइन व वॉल्व लीकेज ठीक करने का कार्य जलप्रदाय विभाग द्वारा किया जा रहा है। इसके तहत 90 दिनों में 126 वॉल्व व 619 पाइप लाइन लीकेजों को ठीक किया जा चुका है। रतलाम जलशक्ति अभियान वाट्सएप ग्रुप में लीकेज की समस्या को अपलोड कर तत्काल निराकरण करवाया जा रहा है। बुधवार को जवाहर नगर बीमा अस्पताल के पास, त्रिवेणी शमशान के पास, करमदी रोड, दीनदयाल नगर बीआइपी कॉलोनी, पटेल कॉलोनी, बाई आठ पहलवान की चाल, होमगार्ड कॉलोनी, विक्रम नगर, थावरिया बाजार चौराहा, ऑफिसर्स कॉलोनी में पाइप लाइन लीकेज ठीक करवाया गया।

नईदुनिया

## शुक्ला उपायुक्त नगर निगम का कार्य देखेंगे

रतलाम। नगर निगम में खाली हुए नगर निगम उपायुक्त पद की जिम्मेदारी परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण निशिकांत शुक्ला को सौंपी हैं। जारी किए गए आदेश में बताया कि परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण निशिकांत शुक्ला अपने कार्य के साथ-साथ उपायुक्त नगर पालिका निगम रतलाम का अतिरिक्त कार्य संपादित करेंगे। इससे वे अब नगर निगम उपायुक्त का अतिरिक्त प्रभारी भी संभालेंगे।

नवभारत
21/01/2021

## 565 मवेशी गोशाला भेजे

रतलाम। नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गोशालाओं में भेजा जा रहा है। इसके तहत अब तक 565 मवेशियों को पकड़कर जिले की गोशालाओं में भेजा जा चुका है।

## सज्जन विहार के प्रवेश मार्ग पर गड्ढे से परेशानी



रतलाम | बरबड़ रोड स्थित सज्जन विहार कॉलोनी के प्रवेश मार्ग पर गड्ढे से रहवासी परेशान है। यह कॉलोनी बरबड़ फोरलेन से लगी हुई है। कॉलोनी के मदनसिंह सक्तावत, पंकज माहेश्वरी, लक्ष्मीनारायण धारवा, शैलेंद्रसिंह, वासुदेव उपाध्याय ने बताया प्रवेश मार्ग पर गड्ढा हो रहा है और इसमें पानी भरा होने से वाहन निकालने में मुश्किल हो रही है। भास्कर

दे. भास्कर
21/01/2021

हाईकोर्ट ने पूछा...

# 'कोरोना काल में बाकी चुनाव तो निकाय क्यों नहीं'

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

इंदौर. मध्यप्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव तीन महीने आगे बढ़ाने के निर्णय को हाईकोर्ट की इंदौर पीठ में चुनौती दी गई है। बुधवार को जस्टिस सुजोय पॉल और जस्टिस शैलेंद्र शुक्ला ने चुनाव आयोग सहित प्रदेश सरकार को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया।

हाईकोर्ट ने चार सप्ताह में चुनाव आयोग और राज्य सरकार से पूछा है कि जब कोरोना काल में उपचुनाव सहित देश के अलग-अलग प्रदेशों में चुनाव कराए जा रहे हैं तो मध्यप्रदेश में नगरीय निकाय (नगर निगम) के चुनाव क्यों नहीं कराए जा रहे।

नेता प्रतिपक्ष फौजिया अलीम ने एडवोकेट शेख अलीम के माध्यम यह जनहित याचिका दायर की है। तर्कों से सहमत होकर हाईकोर्ट ने नोटिस जारी करते हुए जवाब मांगा है। पत्रिका

पत्रिका
21/01/2021

# तीसरे दिन 57 प्रतिशत स्वास्थ्य कर्मचारियों ने लगवाई वैक्सीन

भास्कर

रतलाम | जिले में कोरोना वैक्सीनेशन 100 प्रतिशत नहीं हो पा रहा है। तीसरे दिन 115 लोगों ने वैक्सीन लगवाई, जबकि 200 लोगों को लगाई जाना थी।

बुधवार को शाम तक 115 लोग ही वैक्सीन लगवाने पहुंचे, जबकि एक केंद्र पर 100 लोगों को वैक्सीन लगना है। जिले में मेडिकल कॉलेज और बाल चिकित्सालय में टीकाकरण हो रहा है। ऐसे में 200 लोगों को वैक्सीन लगना थी। मेडिकल कॉलेज में 55 तो, बाल चिकित्सालय में 60 लोगों को वैक्सीन लगी। पहले दिन से ही टीकाकरण का आंकड़ा कम है। पहले दिन 103 तो वहीं, दूसरे दिन 113 लोगों को वैक्सीन लगी थी।

# 114 लोगों को लगे कोरोना वैक्सीन

रतलाम. जिले में कोरोना वैक्सीनेशन के दौरान तीसरे दिन बुधवार को भी टीकाकरण के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों की संख्या आधी से कुछ अधिक रही। टीकाकरण के दौरान कर्मचारियों की कम होती संख्या के पीछे कारण स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के या तो बाहर होने या फिर अन्य कारण रहे हैं। फिलहाल तीन दिनों के अंदर 330 स्वास्थ्यकर्मी और डॉक्टर टीका लगवा चुके हैं। टीकाकरण का यह कार्य गुरुवार को भी जारी रहेगा। अब तक कुल 600 से अधिक कर्मचारियों के पास मैसेज पहुंच चुके हैं जिनमें से 330 स्वास्थ्य कर्मी टीका लगवा भी चुके हैं। पत्रिका

पत्रिका
21/01/2021

# नगर निगम की स्वच्छता की खुल गई पोल



रतलाम. नगर निगम द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 को लेकर जोर शोर से तैयारी की जा रही है और दावा किया जा रहा है कि इस बार वह रतलाम को नंबर एक पर लाएंगे लेकिन निगम का यह दावा फिलहाल खोखला साबित होता नजर आ रहा है। निगम शहर की मुख्य सड़कों के साथ चौराहों को सजाने में लगा हुआ है और कॉलोनियों में गंदगी पसरी पड़ी है।

पत्रिका के हॉकर जीवनलाल गोठवाल बताते हैं कि शहर के लक्ष्मण पुरा क्षेत्र में स्थित नाले की सफाई निगम द्वारा जेसीबी से करके उसे अब नाले का रूप दे दिया गया है। लंबे समय से इसमें गंदगी पसरी हुई है और कोई सफाई के लिए यहां नहीं आ रहा है जिसके चलते लोग परेशान हैं। क्षेत्र में नाली निर्माण के लिए शहर विधायक चेतन्य कश्यप ने निगम की टीम को निर्देश भी दिए थे लेकिन अब तक उस पर भी कुछ नहीं हुआ। निगम की टीम ने विधायक की बात को अनसुना कर दिया जिसके चलते आज भी यहां पर कच्ची नाली होने से गंदगी पसरी रहती है। नाली अब नाले जैसी होने के कारण जानवरों का भी यह ध्यान रखना पड़ता है। यही मांग क्षेत्र के रहवासी गिरीश महावर, बालमुकुंद व जीवन सहित अन्य लोग भी कर रहे हैं।

पत्रिका

## आज होगी चित्रकला प्रतियोगिता

रतलाम. स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 के अंतर्गत शहर के विभिन्न स्कू लों में गुरुवार को स्वच्छता विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन होगा। विजेता बच्चों को नगर निगम द्वारा प्रमाणपत्र दिए जाएंगे। निगम के प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपीसिंह ने बताया कि विभिन्न स्कू ल में यह आयोजन स्कू ल के समय में ही होगा।

पत्रिका

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– दै. भास्कर –पृष्ठ 06 दिनांक 21/01/2021

**तबादला उद्योग रिटर्न** • पिछली कांग्रेस सरकार पर भाजपा ने लगाया था तबादले का धंधा चलाने का आरोप, अपनी सरकार आते ही भूली

# 303 दिन की भाजपा सरकार में 3 हजार तबादले

### पेंडिंग आवेदन 10 हजार से अधिक, अप्रैल में संख्या 50 हजार पहुंचेगी

भास्कर न्यूज | भोपाल

प्रदेश में एक से 30 अप्रैल तक सरकारी विभागों में तबादले होंगे। लंबे समय बाद तबादलों पर से प्रतिबंध हटेगा। ये सरकार की आधिकारिक घोषणा है, जो उसने मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में की थी। लेकिन, आप यह जानकर हैरान हो जाएंगे कि पिछले साल 23 मार्च को सत्ता में आने के अगले दिन से ही भाजपा सरकार ने तबादले शुरू कर दिए थे। तब 24 मार्च को राजगढ़ कलेक्टर रहीं निधि निवेदिता को हटाया गया था। इकबाल सिंह बैंस नए मुख्य सचिव बने थे और इसी दिन चार आदेश निकालकर पांच आईएएस अधिकारी इधर से उधर किए गए थे। तब से अब तक यानी 303 दिन में इस सरकार में विभिन्न सरकारी विभागों में 3 हजार से अधिक तबादले किए जा चुके हैं। 169 आदेशों के जरिए 187 आईएएस अफसर बदले गए।

शेष पेज 5 पर

### एक्सपर्ट व्यू... तबादले करना-रोकना हर सरकार की पद्धति बन गई है

▪ सरकार को जरूरत हो तो प्रशासकीय आधार पर तबादला करना चाहिए, लेकिन अब तबादला करवाने और रुकवाने की चीजें चलने लगी हैं। हर सरकार में अब ये पद्धति बन गई है। तबादलों पर से प्रतिबंध हटाना या नहीं हटाना, यह निर्णय तो सरकार ही करती है।

-निर्मला बुच, पूर्व मुख्य सचिव

### राज्य के चार विभागों में सबसे ज्यादा 1700 तबादले, परिवहन व महिला एवं बाल विकास में सबसे कम

| नगरीय विकास | पंचायत एवं ग्रामीण | कृषि विभाग | पुलिस विभाग | स्कूल शिक्षा | उच्च शिक्षा | स्वास्थ्य विभाग | परिवहन विभाग | वन विभाग | महिला बाल विकास |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 400 | 500 | 100 | 400 | 400 | 200 | 190 | 50 | 300 | 70 |

नोट : विभिन्न विभागों में बीते 10 महीने में हुए तबादलों के आंकड़े। इनकी संख्या कम या ज्यादा भी हो सकती है।

## नया आदेश : 8 आईएएस अफसरों के तबादले; संदीप उज्जैन कमिश्नर

भास्कर न्यूज. भोपाल | राज्य शासन ने बुधवार को 8 आईएएस अफसरों के तबादले कर दिए। संदीप यादव को उज्जैन संभाग का कमिश्नर बनाया गया है। नरेश पाल कुमार को डॉ एमके अग्रवाल के स्थान पर सहकारिता आयुक्त बनाया गया है।

| अधिकारी | वर्तमान पदस्थापना | नई पदस्थापना |
|---|---|---|
| करलिन देशमुख | पीएस, तकनीकी शिक्षा, कौशल | पीएस, आयुष |
| मुकेश चंद्र गुप्ता | आयुक्त, कोष एवं लेखा | सचिव, तकनीकी शिक्षा |
| संदीप यादव | एमडी, मंडी बोर्ड | कमिश्नर, उज्जैन |
| डॉ.एमके अग्रवाल | आयुक्त, सहकारिता | सचिव, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण |
| नरेशपाल कुमार | कमिश्नर, शहडोल | आयुक्त, सहकारिता |
| लोकेश जाटव | आयुक्त, राज्य शिक्षा | आयुक्त कोष एवं लेखा |
| प्रियंका दास | एमडी, राज्य बीज निगम | एमडी, मंडी बोर्ड, एमडी, राज्य बीज अतिरिक्त प्रभार |
| धनराजू एस | संचालक, कौशल विकास | संचालक, राज्य शिक्षा केंद्र |

# खाद निर्माण हेतु 12 उद्यानों में कम्पोस्ट पिट निर्माण का कार्य पूर्ण

रतलाम। नगर निगम स्वामित्व के उद्यानों से निकलने वाले कचरे का उचित रीति से प्रसंस्करण कराने हेतु कचरे से खाद बनाने के लिये कम्पोस्ट पिट बनाने का कार्य निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार उद्यान विभाग के अमले द्वारा किया जा रहा है ताकि कचरा उत्सर्जन स्थल पर ही निपटान के साथ ही उद्यानों के लिये खाद उपलब्ध होकर उद्यान हरे-भरे रहे। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 की पूर्व तैयारियों के तहत नगर निगम के ऐसे उद्यान जिनमें कम्पोस्ट पिट नहीं बने है उनमें पिट निर्माण का कार्य किया जा रहा है। कालिका माता उद्यान, रोटरी गार्डन, अमृत सागर उद्यान, काटजू नगर उद्यान, सिविल लाईन, गोपाल गोशाला, शास्त्री नगर, नगर निगम कार्यालय परिसर, गणेश चौक अलकापुरी, टीचर्स कालोनी, कस्तुरबा नगर गली नम्बर 6 व कस्तुरबा नगर शिव हनुमान मंदिर उद्यान में कम्पोस्ट पिट का निर्माण कराया जा चुका है तथा गुलाब चक्कर, शास्त्रीनगर बाल उद्यान, गांधी उद्यान, जैन कालोनी, मानस भवन, शांति निकेतन, कल्याण नगर व कोमल नगर, रत्नपुरी उद्यान में कम्पोस्ट पिट बनाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। जनमत

# स्वच्छ स्वस्थ रहे रतलाम, हर जगह हो नारी का सम्मान



मैराथन दौड़ में भाग लेने वाली धाविकाओं के साथ निगमायुक्त सोमनाथ झारिया। • नईदुनिया

रतलाम। शहर का कोना-कोना साफ सुथरा और गंदगी से मुक्त रहेगा तो यहां का हर नागरिक स्वस्थ्य रहेगा। हम अपने घर, समाज और शहर के गणमान्य नागरिकों से अनुरोध करेंगे कि वे खुद न गंदगी करें और न ही दूसरों को गंदगी करने दें। स्वच्छता सर्वेक्षण-2021 में हम रतलाम को स्वच्छता की दौड़ में नंबर वन बनाकर रहेंगे। शहर के कला व विज्ञान महाविद्यालय में यह संकल्प पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारी कर रही बेटियों और महिला खिलाड़ियों ने बुधवार सुबह लिया। पुलिस चयन परीक्षा की तैयारियों में जुटी बेटियों ने कॉलेज ग्राउंड से शुरू हुई मैराथन दौड़ में हिस्सा लिया। इस दौरान धाविकाओं ने शहर के प्रमुख क्षेत्रों से गुजरते हुए नागरिकों को स्वच्छता के साथ ही महिला सम्मान का संदेश दिया। दौड़ का समापन कॉलेज ग्राउंड पर हुआ। यहां नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने स्वच्छता सर्वेक्षण-2021 से जुड़ी जानकारी साझा करते हुए बेटियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, महिला व बाल विकास विभाग की वरिष्ठ पर्यवेक्षक एहतेशाम अंसारी, वनिता सिंधु, बरखा, राष्ट्रीय एथेलीट अमानत खान, श्रवण यादव, गौरव सहित समाजसेवी रत्ना पाल, जनक नागल आदि उपस्थित रहे।

# बेटियों को स्वच्छता की शपथ दिलवाई



रतलाम | शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का संकल्प लेकर बुधवार को नगर निगम ने मैराथन दौड़ कराई। खासतौर पर पुलिस भर्ती की तैयारी कर रही युवतियां शामिल हुईं। अग्रणी महाविद्यालय के कॉलेज ग्राउंड से शुरू दौड़ प्रमुख मार्गों से होकर वापस खेल मैदान पहुंचकर समाप्त हुई। यहां कमिश्नर सोमनाथ झारिया ने स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 की जानकारी देकर बेटियों को स्वच्छता की शपथ दिलवाई। स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, महिला एवं बाल विकास विभाग पर्यवेक्षक एहतेशाम अंसारी, वनिता सिंधु, एथलीट अमानत खान, श्रवण यादव, गौरव आदि मौजूद रहे।

# अभियान : स्वच्छता का संकल्प लिया तो हुआ स्वागत



रतलाम. शहर में नगर निगम का स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 अंतर्गत चलाए जा रहे अभियान को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस भर्ती की तैयारी में लगी बेटियों ने बुधवार को मैराथन दौड़ के बाद स्वच्छता का संकल्प लिया। जब इसकी जानकारी नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया को लगी तो वे भी इन बेटियों को धन्यवाद देने के लिए पहुंचे व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया।

कला एवं विज्ञान महाविद्यालय में स्वच्छता का संकल्प पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारी कर रही बेटियों और महिला खिलाड़ियों ने लिया है। पुलिस चयन परीक्षा की तैयारियों में जुटी बेटियों ने बुधवार को कालेज ग्राउण्ड से शुरु हुई मैराथन दौड़ में हिस्सा लिया।

# शहर को नम्बर 1 बनाने स्वच्छता की ली शपथ



रतलाम | साफ-सफाई एक अच्छी आदत है, स्वच्छ पर्यावरण और आदर्श जीवनशैली के लिए हर एक को यह आदत बनानी चाहिए। यह बात गोपाल गोशाला कॉलोनी में श्री मनकामनेश्वर महादेव मंदिर स्थित बगीचे में रतलाम स्वच्छता अभियान समिति के पदाधिकारी व सदस्यों ने कही। रंगोली बनाकर सदस्यों ने शहर को नम्बर 1 बनाने की शपथ ली।

दैनिक भास्कर 21/01/2021

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–नईदुनिया–पृष्ठ 01 ....दिनांक....21/01/2021

सीएम हेल्पलाइन **दिसंबर 2020 की रेटिंग जारी, 91.43 अंक मिले**

# शिकायतों के निराकरण में नगर निगम पहले नंबर पर

रतलाम(नईदुनिया प्रतिनिधि)। सीएम हेल्पलाइन में होने वाली शिकायतों के निराकरण में रतलाम नगर निगम प्रदेश की 16 निगमों पहले नंबर है। दिसंबर 2020 के लिए जारी रेटिंग में नगर निगम को 91.43 प्रतिशत अंक मिले हैं। दूसरे नंबर पर बुरहानपुर व तीसरे पर इंदौर नगर निगम है।

दिसंबर माह में कुल 692 शिकायतें प्राप्त हुई थी। इसमें से 46.75 प्रतिशत का निराकरण संतुष्टपूर्वक किया गया। 100 दिन से अधिक लंबित शिकायतों के निराकरण के लिए 9.11, निम्न गुणवत्ता से बंद शिकायतों के लिए 10, नॉट अटेंडेंट के लिए 9.75, मान्य-




अमान्य शिकायतों के लिए 10, लंबित शिकायतों की संख्या में कमी के लिए 5.82 अंक मिले हैं। इस मान से कुल 91.43 का स्कोर कर निगम पहले नंबर पर है। बुरहानपुर का कुल स्कोर 87.6 व इंदौर का 87.02 है।

मालूम हो कि सीएम हेल्पलाइन को लेकर निगम में विशेष ध्यान दिया जा रहा है। निगमायुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा प्रति सप्ताह टीएल बैठक लेकर निराकरण की समीक्षा भी की जाती है। बुधवार को भी आयुक्त ने बैठक लेकर कार्यों की समीक्षा कर विभाग प्रमुखों को दिशा निर्देश दिए।

निगम आयुक्त ने निर्देशित किया कि विभागों में लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का समय सीमा में निराकरण करवाकर शिकायत बंद करवाएं अन्यथा संबंधित के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उपायुक्त व परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण निशिकांत शुक्ला, सहायक आयुक्त ज्योति सुनारिया, प्रभारी कार्यपालन यंत्री जीके जायसवाल, प्रभारी सहायक यंत्री एमके जैन, प्रभारी जलप्रदाय सत्यप्रकाश आचार्य आदि उपस्थित थे।

## पीओ डूडा को उपायुक्त नगर निगम का अतिरिक्त प्रभार

कलेक्टर गोपालचंद्र डाड द्वारा आदेश जारी कर परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण निशिकांत शुक्ला को उपायुक्त नगर निगम का अतिरिक्त कार्य भार भी दिया गया है।

# सीएम हेल्प लाइन : नगर निगम दूसरी बार नंबर वन

भास्कर संवाददाता | रतलाम

सीएम हेल्प लाइन में आने वाले शिकायतों को टॉरगेट समय में पूरा करके नगर निगम ने लगातार दूसरे माह प्रदेश नंबर एक स्थान बनाया है। बुधवार को सरकार द्वारा जारी ग्रेडिंग में बुरहानपुर दूसरे, इंदौर तीसरे स्थान पर आया है। ग्रेडिंग 1 से 31 दिसंबर तक की स्थिति को देखकर की गई है। इसमें निगम को 692 शिकायतें मिली। इसमें भी सबसे सफाई, राजस्व, विकास शाखा, बिजली और पानी को लेकर मिली थी। 46.75 फीसद संतुष्टि के साथ निपटारा किया गया, जिससे निगम का प्रदर्शन 91.43 प्रतिशत रहा। नवंबर माह की ग्रेडिंग में 90.75 प्रतिशत वेटेज स्कोर के साथ नगर निगम प्रदेश में टॉप पर रहा था।

**ऐसे बने नंबर-1**

- शिकायत- 692
- संतुष्ट 46.75 %
- 100 दिन पुरानी का हल- 9.11%
- निम्नगुणवत्ता से बंद- 10 %
- नोट शिकायतों का वेटेज - 9.75 %
- मान्य, अमान्य शिकायत- 10 %
- शिकायतों में कमी- 5.82 %

दै. भास्कर
21/01/2021